# आकाशवाणी भोपाल
## प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 15.05.2024** **समय : 02.10 pm**

### पीएम–महाराष्ट्र प्रचार

लोकसभा चुनावों के पांचवे, छठें और सातवें चरणों का प्रचार अभियान तेज हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता मतदाताओं को लुभाने के लिए कोई कसर नही छोड रहे हैं। प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी आज महाराष्ट्र में प्रचार करेंगे। वे आज शाम मुम्बई के घाटकोपर में एक रोड शो करेंगे। प्रधानमंत्री महाराष्ट्र के डिंडोरी और कल्याण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में दो रैली करने के बाद मुम्बई पहुंचेगें। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बिहार में और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी आज दिल्ली और हरियाणा में कई जनसभाओं को संबोधित करने जा रहे हैं।

### संयुक्त प्रेस काफ्रेंस–इंडी

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आज आई.एन.डी.आई. गठबंधन के दलों ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया। सभी प्रमुख नेताओं के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव सम्मेनल में उपस्थित थे। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि 2024 के चुनाव संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। श्री खरगे ने आरोप लगाया कि शिक्षा के बावजूद युवाओं को रोजगार नही मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी पद खाली पडे हैं लेकिन उन पदों पर भर्ती नही हो रही है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि यह उनकी पार्टी के दृष्टिपत्र और आई.एन.डी.आई. गठबंधन के घोषणापत्र में भी है। अगर गठबंधन की सरकार सत्ता में आती है तो सभी खाली सरकारी पदों पर भर्ती होगी और शिक्षित युवाओं को रोजगार दिए जाएंगे।

### सिंधिया राजमाता निधन

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां राजमाता माधवी राजे सिंधिया का निधन हो गया है। वे 70 साल की थीं। राजमाता माधवी राजे सिंधिया का इलाज पिछले दो महीनों से दिल्ली के एम्स अस्पताल में चल रहा था। पिछले कुछ दिनों से उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी। आज सुबह लगभग साढ़े नौ बजे उनका निधन हो गया । उनका अंतिम संस्कार ग्वालियर में कल सुबह 11 बजे किया जाएगा। राजमाता माधवी राजे मूलतः नेपाल की रहने वाली थीं। वे नेपाल राजघराने से संबंध रखती थीं। 1966 में माधवराव सिंधिया के साथ उनका विवाह हुआ था।

### 6जी–प्रौद्योगिकी

इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस कृष्णन ने आज कहा कि 6जी प्रौद्योगिकी देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और उत्पादकता बढाने की संभावना रखती है। नई दिल्ली में भारत 6जी 2024 सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री कृष्णन ने कहा कि 6जी प्रौद्योगिकी का विकास उसी तरह का असरदार होगा जिस तरह का असर पहली औद्योगिक क्रांति में था। उन्होंने कहा कि 6जी विशाल डेटा उत्पति को बढावा देगी। यह प्रौद्योगिकी सीखने के लिए आर्टिफिशियल इंटलेजेंस को बेहतर इनपुट प्रदान करेगी। श्री कृष्णन ने सम्मेलन में एक बेहतर डिजिटल अवसंरचना में सहयोग करने के लिए उद्योगपतियों को प्रेरित किया।

### मौसम

प्रदेश के कई जिलों में बारिश और आंधी का दौर जारी है। कल रायसेन जिले के सिलवानी में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। वहीं, पन्ना, छिंदवाड़ा, गुना, शिवपुरी, विदिशा, बैतूल, अशोकनगर, सागर जिलों में भी बारिश हुई। राजधानी भोपाल में शाम को बादल छाए रहे। कुछ इलाकों में बूंदाबांदी भी हुई। मौसम विभाग ने अगले 2 दिन बारिश–आंधी का का अनुमान जताया है। आज भोपाल–इंदौर समेत 21 जिलों में बारिश–आंधी का अलर्ट है। जबकि 17–18 मई को प्रदेश के उत्तरी हिस्से यानी, ग्वालियर–चंबल संभाग में लू यानि गर्म हवाओं के साथ भीषण गर्मी पड़ सकती है। इस बीच धार के मनावर में आंधी की वजह से केले की फसल को नुकसान पहुंचा है। अशोकनगर–शिवपुरी में ओले भी गिरे।

**आईपीएल – क्रिकेट**

राजस्थान रायल्स का मुकाबला आज शाम साढे सात बजे पंजाब किंग्स के साथ गुवाहाटी में होगा। राजस्थान रॉयल्स की टीम फिलहाल 16 अंको के साथ दूसरे स्थान पर है। यह टीम एक जीत हासिल करके शीर्ष चार में पहुंचने की कोशिश करेगी। पंजाब किंग्स की टीम प्ले ऑफ में जाने की दौड़ से बाहर हो चूकी है।

**समाचार संक्षेप :–**

- टीकमगढ जिला जेल मे कल टेली–मेडीसन सुविधा का शुभारंभ किया गया। टेली मेडीसन के माध्यम से जेल मे निरूद्ध बंदियों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा वीडियों कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से चिकित्सीय सुविधा दी जाएगी।

- निवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर में ग्रीष्म ऋतु के कारण पेयजल समस्या को देखते हुए एसडीएम पृथ्वीपुर ने पेयजल की सतत आपूर्ति के निर्देश दिये हैं।

---------------------------------------